हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 अगस्त 2026

06 विद्यार्थियों को समझाए ट्रैफिक नियम और...



09 लापरवाहीः 6 घंटे व्यस्त रही जननी एक्सप्रेस, घर पर हो गया...



समाचार संक्षेप

समाजसेवी भार्गव ने मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को अपना घर भेजा



चांचौड़ा। चाचौड़ा में लावारिस अवस्था में मिली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को चाचौड़ा थाना प्रभारी के सहयोग से गुना लाया गया। इसके बाद समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने महिला को शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया, जहां उनकी देखरेख व इलाज किया जायेगा महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपने बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही हैं। बातचीत के दौरान कभी स्वयं को बंगाल तो कभी गुजरात का निवासी बता रही हैं। ऐसे में उनके परिजनों और परिवार की तलाश के लिए समाजसेवी प्रमोद भार्गव प्रयास कर रहे हैं। प्रमोद भार्गव ने अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति इस महिला को पहचानता है, उनके गांव या आसपास के क्षेत्र से संबंध रखता है अथवा उनके परिजनों के बारे में कोई जानकारी रखता है, तो कृपया सूचना दें। महिला अपना घर आश्रम, शिवपुरी में सुरक्षित हैं परिजनों की जानकारी मिलने पर महिला को उनके परिवार से मिलाने का प्रयास किया जाएगा।

अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक पदों की चयन सूची जारी

गुना। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में रिक्त बीएसी एवं सीएसी के पदों की पूर्ति हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार काउंसलिंग 12 अगस्त 2026 को आयोजित की गई थी, जिसमें जिन अभ्यर्थियों ने अपनी स्वेच्छा से पद चयन हेतु काउंसलिंग में सहमति दर्ज की थी, जिला परियोजना समन्वयक प्रेरणा गुप्ता द्वारा बताया गया कि जिले में 17 विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं 84 जनशिक्षक चयन हेतु पात्र पाए गए। 20 अगस्त 2026 को अंतिम चयन सूची एवं नियुक्ति आदेश जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी किए गए।

आरोन में गूंजेगा हर-हर महादेव का जयघोष, कांवड़ यात्रा कल

आरोन। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की भक्ति का उत्सव पूरे शबाब पर है। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आरोन नगर में विशाल और भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर नगर में शिव भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।यात्रा की तैयारियों को लेकर आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य आयोजक शक्ति शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए यात्रा की विस्तृत जानकारी दी।शक्ति शर्मा ने बताया कि 24 अगस्त, दिन सोमवार को सुबह ठीक 7:00 बजे सनकादिक आश्रम परिसर से कावड़ यात्रा देवपुर धाम स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी।

वार्ड क्रमांक 2 और 3 के बीच सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

आरोन। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 और 3 के बीच सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन सहित जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद बृजमोहन यादव, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद अजय दुबे तथा कंस्ट्रक्शन से दीपक सोलंकी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी।भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूर्ण कराने की बात कही।

फूटा प्रियंका मीना का गुस्सा, बोलीं- सरकार ने 33 फीसदी आरक्षण दिया

महिला विधायक और नपाध्यक्ष खड़ी रहीं, पुरुष नेता टस से मस नहीं हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के शुभ विदाई गार्डन में आयोजित श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उस समय भारी राजनीतिक ड्रामा और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब कार्यक्रम की मुख्य अतिथियों में शामिल चांचौड़ा की महिला विधायक प्रियंका मीना पैंची और शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता को बैठने के लिए कुर्सी तक नसीब नहीं हुई।



वरिष्ठ नेताओं का कब्जा प्रशासन बना बेबस

कार्यक्रम की शुरुआत से पहले मंच के नीचे अतिथियों के बैठने के लिए जो आरक्षित जगह बनाई गई थी, उस पर भाजपा के वरिष्ठ पुरुष पदाधिकारियों ने जमावड़ा लगा लिया और सोफा-कुर्सियों पर कुंडली मारकर बैठ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब चांचौड़ा विधायक प्रियंका मीना और नपाध्यक्ष सविता गुप्ता वहाँ पहुँचीं और उन्होंने बैठने के लिए जगह मांगी, तो ये वरिष्ठ पुरुष नेता टस से मस नहीं हुए। इस उपेक्षा से नाराज होकर चांचौड़ा विधायक ने खुद अपने हाथों से कुर्सी उठाई और लगाकर अलग बैठ गईं। कुछ ऐसी ही स्थिति नपाध्यक्ष सविता गुप्ता के साथ बनी। पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक और बेबस बने रहे, जो दोनों प्रमुख महिला प्रतिनिधियों के लिए बैठने का समुचित इंतजाम तक नहीं करा सके। इस दौरान दोनों महिला जनप्रतिनिधि आपस में बात करते हुए अपनी नाराजगी जताने लगी।

मंच से छलका दर्द, बैठने को कुर्सी नहीं

मंच पर पहुँचते ही विधायक प्रियंका मीना पैंची का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं और व्यवस्थापकों को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने खरी-खरी सुनाते हुए कहा, जब सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दे दिया है, तो फिर हमें बैठने के लिए कुर्सी क्यों नहीं दी जा रही है? मेरे भाव ऐसे नहीं हैं कि मैं किसी को नीचा दिखाऊँ, लेकिन यह सबने देखा है। महिलाएं आगे दिखीं तो और अच्छा दृश्य दिखेगा। उन्होंने तंज कसते हुए आगे कहा कि आप लोग खुद अनुमान लगा सकते हैं कि एक महिला विधायक और नपाध्यक्ष को कुर्सी न मिलने पर क्या स्थिति बनी होगी। उन्होंने इस पूरे वाकये की शिकायत संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी की है। गौरतलब है कि इससे पहले भी कृषि बलराम कार्यक्रम के दौरान मंच से महिला विरोधी बयानों का विरोध करने पर विधायक प्रियंका मीना चर्चा में रही थीं। लगातार दूसरे कार्यक्रम में हुए इस कथित अपमान ने भाजपा के अंदरूनी तालमेल और महिला प्रतिनिधियों के प्रति नेताओं के रवैये पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में जब भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

समरसता यात्रा का हुआ औपचारिक शुभारंभ

शासकीय आयोजन के संदर्भ में, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम कॉलोनी स्थित रविदास मंदिर से कलश वंदन यात्रा के साथ हुआ। यात्रा जयस्तंभ और हनुमान चौराहे से होते हुए शुभ विदाई गार्डन पहुँची। यहाँ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के बाद समरसता रथ को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। 21 अगस्त से 10 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य समाज में समरसता और बंधुत्व का संदेश पहुँचाना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इनका कहना है

मैंने संगठन में अपनी बात रख दी है और सब वाकया देखकर आप खुद अनुमान लगा सकते हो क्या स्थिति बनी होगी।

- प्रियंका मीना पैंची, विधायक चांचौड़ा

जिला अस्पताल में 12 वर्षीय बालिका का सफल ऑपरेशन गंभीर चोट के बाद हुई स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला अस्पताल गुना की चिकित्सकीय टीम ने गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय बालिका का सफल उपचार एवं ऑपरेशन कर उसे स्वस्थ किया। आरोन विकासखंड के ग्राम सिरसी निवासी 12 वर्षीय बालिका दुर्घटनावश लोहे के भारी गेट के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल गुना लेकर पहुंचे। बालिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए भोपाल रेफर करने की सलाह दी, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति अनुकूल नहीं होने के कारण परिजन भोपाल ले जाने में असमर्थ थे।

जिला अस्पताल में लिया गया ऑपरेशन का निर्णय

परिजनों की सहमति एवं परिस्थितियों को देखते हुए चिकित्सकीय टीम ने जिला अस्पताल में ही बालिका का उपचार एवं ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। रात करीब 11 बजे ऑपरेशन की तैयारी शुरू की गई। ऑपरेशन में डॉ. प्रदीप कश्यप, रघु एवं जैनू अहिरवार का विशेष योगदान रहा। उपचार के दौरान बालिका का सीटी स्कैन कराया गया, जिसमें जबड़े की हड्डी में फ्रैक्चर पाया गया। इसके बाद डॉ. प्रदीप कश्यप एवं डॉ. निखिल मोरीवाल द्वारा जिला अस्पताल में ही जबड़े की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया गया।

अब पूरी तरह स्वस्थ है बालिका

समय पर उपचार, चिकित्सकीय टीम की तत्परता एवं समर्पित प्रयासों से बालिका अब पूरी तरह स्वस्थ एवं सामान्य है। गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में ही आवश्यक ऑपरेशन और उपचार उपलब्ध होने से बालिका को समय पर चिकित्सा सुविधा मिली तथा परिजनों को भोपाल ले जाने की परेशानी और अतिरिक्त आर्थिक भार से राहत मिली।

हरीपुर रोड पर 5 लीटर ज़हरीली शराब के साथ पारदी बदमाश गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

गुना। शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए हरीपुर रोड पावर हाउस के पास झाडिय़ों में छिपे एक कुख्यात पारदी बदमाश को 5 लीटर जहरीली हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक झाडिय़ों में हाथ भट्टी की बनी जहरीली शराब बेचने की नीयत से खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने स्वतंत्र साक्षियों के साथ मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम देवा पारदी उर्फ देवा सोलंकी निवासी बूढ़े बालाजी ने बताया। उसके कब्जे से मिली प्लास्टिक की केन में 5 ली. अवैध शराब बरामद की।

भाजपा नेता मुनेश जैन जिला कार्यसमिति सदस्य मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी निशांत खरे के निर्देश तथा जिला प्रभारी राजेन्द्र सिंह राजपूत की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता मुनेश जैन को भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है।मुनेश जैन पूर्व में नगर परिषद अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष आरोन के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला कार्यसमिति में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।मुनेश जैन के मनोनयन की खबर मिलते ही भाजपा मंडल आरोन के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जैन जैसे अनुभवी एवं समर्पित कार्यकर्ता को जिला कार्यसमिति में स्थान मिलने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा मंडल आरोन के सभी कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेतृत्व का कोटिशः आभार व्यक्त करते हुए मुनेश जैन को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।मुनेश जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताते हुए जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

ऊमरी-पाटई मार्ग पर डंपर और टैक्सी की भिड़ंत में 1 की मौत हुई, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के ऊमरी-पाटई मार्ग पर रूंध की घाटी के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही टैक्सी में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सडक़ दुर्घटना में टैक्सी में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। म्याना पुलिस ने मामले में डंपर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी गणेश जाट अपनी टैक्सी एमपी 08-8298 से सवारियों को लेकर पाटई से ऊमरी की ओर जा रहा था। जैसे ही टैक्सी रूंध की घाटी पर पहुंची, सामने से आ रहे डंपर एमपी 33-8550 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए टैक्सी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टैक्सी सडक़ पर ही पलट गई। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से 112 पुलिस वाहन से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल गुना के ट्रॉमा वार्ड लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बालकराम धाकड़ को मृत घोषित कर दिया। वहीं टैक्सी चालक गणेश जाट, लच्छो बाई कुशवाहा और चंपा बाई कुशवाहा को शरीर व पैर में गंभीर चोटें आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के विरुद्ध बीएनएस क धारा 281, 125(ए) तथा धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

गोपीसागर डैम घूमने गए स्वास्थ्य अधिकारी की बाइक चोरी

जिले के धरनावदा थानांतर्गत पुलिस चौकी रूठियाई क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट गोपीसागर डैम से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी गई मोटरसाइकिल ग्राम गजनाई में पदस्थ एक कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विंध्याचल कॉलोनी गुना निवासी केपी सिंह लोधी, जो ग्राम गजनाई में सीएचओ के पद पर कार्यरत हैं, अपनी पत्नी के साथ होंडा एसपी शाइन बाइक एमपी 08-6024 से गोपीसागर डैम पर पिकनिक मनाने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक को पार्किंग स्थल पर खड़ा किया और अंदर घूमने चले गए। करीब एक घंटे बाद जब वे वापस लौटे, तो उनकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन और आसपास तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित ने रूठियाई चौकी पहुँचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की रिपोर्ट पर धरनावदा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

दुकान के ऊपर से चद्दर उठाकर घुसे चोर

गुना। जिले के जामनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत वापचा रोड स्थित एक किराना दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर दुकान की छत पर लगी चद्दर को ऊपर उठाकर अंदर घुसे और हजारों रुपए का सामान समेटकर रफूचक्कर हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित व्यवसायी अर्पित जैन पुत्र स्व. सुभाष कुमार जैन निवासी जामनेर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी दुकान वापचा रोड के सामने मुख्य मार्ग पर स्थित है। बीते शाम लगभग 8 बजे वे रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब उन्होंने दुकान खोली, तो अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर दुकान के ऊपर चढक़र चद्दर उठाकर अंदर दाखिल हुए थे। चोर दुकान में रखी सुपारी, गोले के कट्टे, तेल की पेटी, राजश्री व पहेली के पैकेट, शक्कर, बीड़ी के पुड़े, 3 सीसीटीवी कैमरे तथा जियो सिम लगा एक सैमसंग मोबाइल चुरा ले गए।

जिला स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

विभिन्न स्कूलों के 90 बालक-बालिकाओं ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, गुना में शनिवार को जिला स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के आरोन, गुना, राघौगढ़ एवं चांचौड़ा विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 90 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाडय़ों ने शतरंज की बिसात पर अपनी रणनीतिक क्षमता, धैर्य और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान खिलाडय़ों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर के निर्देशन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी ओ.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी एच.एन. जाटव, प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. गुना रहे। प्रतियोगिता की संयोजक पचित्रा शिवहरे, खेल शिक्षक, शासकीय उ.मा.वि. क्रमांक-2 गुना रही। आयोजन को सफल बनाने में सदस्य मनोज शर्मा नोडल खेल केंद्र प्रभारी, साधना श्रीवास्तव, देवेन्द्र शर्मा, प्रवीण खाण्डेकर, मुकुन्द शर्मा, गोविन्द सेन, मदन महामन, परमानंद कुशवाह, रूपाली आहुजा, शुभम गोड एवं चन्द्रप्रकाश केवट सहित खेल शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, धैर्य, त्वरित निर्णय क्षमता और रणनीतिक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

विद्यालय स्तर से जिला स्तर तक ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढऩे के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को आगे बढऩे का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों ने आगामी संभाग शतरंज प्रतियोगिता दतिया के लिए अपनी जगह बनाई।

महिलाएं और बच्चे निकले कांवड़ लेकर



गुना। स्थानीय बीजी रोड स्थित भुल्लनपुरा के रहने वाले श्रद्धालुओं द्वारा शनिवार को दोपहर में कांवड़ यात्रा निकाले जाने का समाचार है। इस दौरान महिलाओं के साथ बच्चे भी अपने कन्धों पर कांवड़ लेकर निकले। इस संदर्भ में मिली जानकारी के यह कांवड़ यात्रा स्थानीय हनुमान चौराहे से शुरू होकर एबी रोड से जयस्तंभ चौराहे होते हुए भुल्लनपुरा में स्थित शिव मंदिर पहुंची। जहां सभी कांवड़ियों ने अपने परिवारजनों और अन्य क्षेत्रवासियों के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर कांवड़ों में लाए गए जल से अभिषेक किया और फिर मत्था टेककर मंगल कामनाएं की।

एनालॉग पनीर-मावा पर कार्रवाई, 3 डेयरियों से लिए गए खाद्य नमूने



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एनालॉग पनीर एवं मावा पर प्रतिबंध के संबंध में जारी निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को फूड सेफ्टी टीम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने संयुक्त रूप से शहर की डेयरियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में संयुक्त दल ने डेली नयापुरा स्थित डेली नीड्स डेयरी,ममता डेयरी तथा हाटरोड पर श्याम डेयरी का निरीक्षण किया। इस दौरान श्याम डेयरी से मावा, पनीर, मलाई बर्फी एवं घी तथा अन्य डेयरी प्रतिष्ठानों से पनीर एवं मावा के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने, गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का विक्रय सुनिश्चित करने तथा प्रतिबंधित अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थों का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई में नायब तहसीलदार आरती गौतम, फूड सेफ्टी ऑफिसर नवीन जैन आदि शामिल रहे।

समाचार संक्षेप


नेशनल हाइवे पर नहीं हैं सुरक्षा के इंतजाम, छात्रों को हो रही सड़क क्रॉस करने में परेशानी



राघौगढ़। जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं शनिवार को नेशनल हाईवे 46 पर खड़े होकर बस का इंतजार करते नजर आए। प्रतिदिन छात्र नेशनल हाईवे 46 को पैदल ही क्रॉस करते हैं। ब्रिज होने के बाद भी छात्र सड़क बिना सुरक्षा के पार करते हुए कभी दुर्घटना हो सकती है। यह सभी छात्र पढ़े लिखे होने के बाद भी नियमों को नहीं मानते हुए सड़क क्रॉस करते हैं।

संस्कारों के अभाव में युवा पीढ़ी वृद्ध माता-पिता की सेवा करना भूल रहे

राघौगढ़। विद्या समय रत्न महान तपस्वी, औजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर महाराज ने राघौगढ़ नगर में विद्यासागर सभागार में मंगल प्रवचन करते हुए कहा संस्कारों के अभाव में युवा पीढ़ी अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा न कर महानगरों एवं विदेशों में नौकरी कर धन कमाने में लग रहे हैं। मुनिराज ने कहा मां बाप अपने बेटों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देकर उन्हें इस योग्य बना रहे हैं कि भी पैसा कमाने के चक्कर में भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को भूल कर अपने मां-बाप को ही भूल रहे हैं। बेटे बेटी को बचपन में अच्छे भारतीय संस्कार न देकर मां-बाप उनको कान्वेंट स्कूल की शिक्षा दिला रहे हैं। इस स्थिति में बेटे बेटी भारतीय संस्कारों को भूल रहे हैं और मां-बाप को अकेले अपने हाल पर छोड़कर नौकरी कर रहे हैं।




2.50 लाख के चेक बाउंस मामले में आरोपी को 3 माह का कारावास

गुना। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुना श्रुति चौहान की अदालत ने 2.50 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में आरोपी जितेंद्र यादव, निवासी रेलवे कॉलोनी गुना को दोषी करार देते हुए 3 माह के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को परिवादी को चेक राशि 2.50 लाख 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने का भी आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार परिवादी अमर सिंह यादव, निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना, ने आरोपी जितेंद्र यादव को 2.50 लाख रुपए का ऋण दिया था। ऋण की राशि वापस करने के लिए आरोपी ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा गुना का चेक परिवादी को दिया। चेक बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण अनादरित हो गया। इसके बाद परिवादी की ओर से अधिवक्ता हरीश शर्मा ने कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत दोषी माना और 3 माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने आरोपी को 2.50 लाख रुपए की राशि पर चेक दिनांक 2 नवंबर 2022 से भुगतान की तिथि तक 9 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज सहित राशि एक माह के भीतर परिवादी को देने का आदेश दिया है।

इच्छा का नियंत्रण ही तप का आमंत्रण है : मुनि निरंजनसागर

अशोकनगर। देव-शास्त्र-गुरू की शरण में जाना है तो मुक्ति की, कल्याण की, आत्मा के उत्थान की भावना लेकर जाना चाहिए। न कि भिखारी के समान भीख मांगने के लिए मंदिर जाना चाहिए। यह उपदेश सुभाष गंज जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री निरंजनसागर महाराज ने दिए। उन्होंने कहा कि अनादिकाल से यह संसारी प्राणी अपनी लौकिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए ही धर्म की क्रियाओं को करता आ रहा है और उनका यह संसार यूं ही बना हुआ है। यह अतृप्त इच्छायें और यह आपका प्रयास, यह सब देखकर लगता है कि कोई व्यक्ति राख को प्राप्त करने के लिए ही बहुमूल्य रत्न जला रहा हो। इसी प्रकार बड़े पुरुषार्थ से आपको यह नर भव मिला है। इस नर पर्याय के माध्यम से ही इस आत्म तत्व का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आचार्यों ने प्रत्येक प्राणी को तपस्वी बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा है कि 'इच्छा निरोधः तपः' जिस संसारी प्राणी ने अपनी इच्छा को रोक लिया है वह अपने आप में परम तपस्वी है। जैन दर्शन ही विश्व का एक मात्र ऐसा दर्शन है जो अपने ऊपर नियंत्रण के लिए प्रत्येक जीव को प्रेरित करता है। हम जितना-जितना अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करते जाते हैं, उतना उतना ही तप, संयम आपके द्वारा आमंत्रित किया जाता है। और यही साधना आपको एक दिन भगवान बना देती है। धर्म सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



शांति पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

विद्यार्थियों को समझाए ट्रैफिक नियम और जिम्मेदार नागरिक बनने के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन तथा डीएसपी ट्रैफिक मुकेश दीक्षित के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को शांति पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डीएसपी ट्रैफिक मुकेश दीक्षित एवं ट्रैफिक टीआई अजय प्रताप सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डीएसपी ट्रैफिक मुकेश दीक्षित ने विद्यार्थियों को सरल एवं सहज भाषा में यातायात की अवधारणा समझाते हुए बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों, व्यक्तियों, वस्तुओं एवं पशुओं की आवाजाही को ट्रैफिक कहा जाता है। इस आवाजाही को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाए रखने के लिए यातायात नियम बनाए गए हैं, जिनका पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात अनुशासन के महत्व को समझाते हुए भूटान की राजधानी थिम्फू का उदाहरण दिया, जहां यातायात व्यवस्था काफी हद तक अनुशासन एवं मैनुअल ट्रैफिक मैनेजमेंट के माध्यम से संचालित होती है। दीक्षित ने नागरिकों में बढ़ती ट्रैफिक सेंस एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें।

ट्रैफिक टीआई अजय प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक एवं रोड सेफ्टी बेहद संवेदनशील विषय है, क्योंकि इसका सीधा संबंध हमारी जिंदगी और हमारे परिवार की खुशियों से है। सड़क पर की गई छोटी-सी जल्दबाजी अथवा लापरवाही किसी व्यक्ति की जान ले सकती है उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस के बाद ही वाहन चलाएं।

एनएसएस इकाई ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को राघोगढ़ हिन्दू पत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघौगढ़ की एन.एस.एस. इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ में रक्तदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता में सहयोग करना था। शिविर में ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ. अशोक कुमार के मार्गदर्शन में उनकी टीम के सदस्य राहुल लववंशी, कल्पू सिंह प्रजापति, विनोद रजक एवं प्रभात यादव ने रक्त संग्रह एवं आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह भदौरिया, अधिकारी राजगोपाल मेग्नम तथा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह सेंगर एवं समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। एन.एस.एस. स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान के महत्व को समझा और समाज सेवा की भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को रक्तदान के लाभ की जानकारी दी।

कांग्रेस का धरना, जयवर्धन सिंह बोले- दोषियों पर मामला दर्ज हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने अपने आरोन दौरे के दौरान दिल्ली में कथित रूप से पैलेट गन की कार्रवाई में घायल छात्र साहिल लोचव को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेसजनों के साथ धरना-प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 2 स्थित इंदिरा गांधी पार्क के बाहर आयोजित इस शांतिपूर्ण धरने में दिल्ली के संसद मार्ग थाने के बाहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए जा रहे धरने के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पीड़ित छात्र की शिकायत पर तत्काल FIR दर्ज की जाए तथा घटना के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि 20 जुलाई को कनॉट प्लेस के पास छात्रों पर पैलेट गन से हमला किए जाने की घटना में छात्र साहिल की आंख में पैलेट लगने से उसे गंभीर चोट आई। पीड़ित छात्र न्याय और FIR दर्ज कराने की मांग कर रहा है, लेकिन उसकी शिकायत पर कार्रवाई न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और कानून के राज की स्थिति पर सवाल उठना स्वाभाविक है, जब एक पीड़ित छात्र अपनी आंख की रोशनी गंवाने के बाद भी FIR दर्ज कराने के लिए संघर्ष कर रहा है और उसके समर्थन में स्वयं देश की संसद के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठना पड़ता है। जयवर्धन सिंह ने कहा कि आखिर यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्र पर पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया।

दमेती गांव की सड़क बदहाल, पक्की सड़क सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीणों ने खुद किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



ग्राम सागर से ग्राम न्यानदरी होते हुए दमेती तक जाने वाली सड़क लंबे समय से बदहाल है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से दमेती गांव के लोगों को बाजार और अन्य जरूरी कामों के लिए आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात से परेशान ग्रामीणों ने अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का इंतजार करने के बजाय स्वयं सड़क के गड्ढे भरने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने सड़क पर श्रमदान करते हुए गड्ढों को भरने का काम किया, ताकि आवागमन कुछ हद तक सुगम हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी गांव को पक्की सड़क की सुविधा नहीं मिल पाना चिंता का विषय है। दमेती गांव से बाजार तक पहुंचने के लिए यही मुख्य मार्ग है, लेकिन सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है। बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की बदहाली के लिए किसी एक राजनीतिक दल को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। लंबे समय से क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारें रही हैं तथा इस क्षेत्र से कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि और विधायक चुने गए हैं। इसके बावजूद दमेती गांव की सड़क की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में मीणा समाज के मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है और इस क्षेत्र से कई बार मीणा समाज के विधायक भी चुने गए, लेकिन इसके बावजूद गांव की मूलभूत समस्या पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से मांग की है कि ग्राम सागर से न्यानदरी होते हुए दमेती तक सड़क का स्थायी निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने सभी समाज के लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि गांव के विकास और सड़क निर्माण के लिए जो भी संभव सहयोग हो, वह किया जाए।

जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरुकता शिविर



अशोकनगर। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश प्रिया चैहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल देवेन्द्र सिंह दांगी की उपस्थिति में शनिवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशगण द्वारा सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरुद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु जेलर को निर्देशित किया।

शहर के नागरिक और अभिभावकों ने कलेक्टर कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को शहर के नागरिकों और अभिभावकों द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गई है कि पिछले दिनों स्कूली बच्चों को लाया नहीं गया था, वह अपने अभिभावकों के साथ स्वयं पहुंचे थे, इस संबंध में जो कार्यवाही शिक्षकों पर की ई है वह गलत है। जिस स्कूल को सांदीपनी विद्यालय में मर्ज किया जा रहा है रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन शिक्षा विभाग और प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान न देते हुए इसके विपरीत विद्यालय के 3 शिक्षकों को निलंबित किया गया है कि इन लोगों के द्वारा छात्रों को कलेक्ट्रेट भेजा गया था, जो कि सरासर गलत है न ही शिक्षकों के द्वारा छात्रों को कलेक्ट्रेट भेजा गया और न ही उनके द्वारा कोई नारे लगवाए गए। यह बात ज्ञापन में कही गई है। इसी के साथ छात्रों को कोई बाहर से जबरदस्ती लेकर नहीं गया। छात्र स्वयं अपनी मर्जी व पालकों की जानकारी में गए थे। पालक व छात्र चाहते हैं कि यह स्कूल यही यथावत रहें और इसका मर्जर सांदीपनि स्कूल में ना किया जाए।

खास बातें

- बेवजह निलंबित किए गए तीनों शिक्षकों को तुरंत बहाल किया जाए। भविष्य में छात्रों की आवाज को शिक्षकों को मोहरा बनाकर न दबाया जाए।
- शिक्षकों एवं अन्य समाजसेवी लोगों पर एफआईआर या अन्य किसी भी तरह की कार्रवाई न की जाए।
- शास. माध्यमिक विद्यालय क्र.01 को सांदीपनि विद्यालय में मर्ज कर बंद करने पर रोक लगाई जाए।
- शास.माध्यमिक विद्यालय क्र.01 में बेहतर पढ़ाई हेतु मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया जाए।



बेस्ट एस्ट्रोलॉजर सम्मान से सम्मानित हुए हेमंत श्रीवास्तव

अशोकनगर। नगर के सुप्रसिद्ध ज्योतिषी हेमंत श्रीवास्तव को जयपुर में आयोजित 37वां जयपुर ज्योतिष उत्सव सीजन 4 में बेस्ट एस्ट्रोलॉजर ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें विगत दिनों टी ग्रुप सामाजिक विकास संस्था जयपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण भारद्वाज थे। उल्लेखनीय है कि ज्योतिष हेमंत श्रीवास्तव हाथ के अंगूठे की रेखा देखकर भविष्यवाणी करते हैं उनकी सटीक भविष्यवाणियों के चलते उन्हें अभी तक देश-विदेश में सौ से अधिक कार्यक्रमों में विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। बेस्ट एस्ट्रोलॉजर सम्मान से सम्मानित होने पर मित्रों, परिचितों शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

स्कूल के विद्यार्थियों को देहात थाना व सिटी कोतवाली का भ्रमण कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में अशोकनगर पुलिस द्वारा सृजन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि स्कूल अशोकनगर के विद्यार्थियों को कानून, अधिकार एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

मध्यप्रदेश पुलिस एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के सभी जिलों में संचालित सृजन संवाद का उद्देश्य कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को जागरूक, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में सांदीपनि स्कूल अशोकनगर के 100 विद्यार्थियों को शामिल कर उनके साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, रोड सेफ्टी, साइबर सेफ्टी एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों की सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान संवाद के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम को प्रभावी एवं एकरूप स्वरूप देने के लिए पुलिस एवं शिक्षा विभाग द्वारा भी तैयार किए गए हैं, जो कार्यक्रम के संचालन एवं विषय वस्तु के संबंध में प्रशिक्षित अधिकारियों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

संदीपनी विद्यालय महिदपुर परिसर में आयोजित हुआ शिविर

दानदाता की स्मृति में 38 यूनिट रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मानव सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं। इसी भावना के साथ ग्राम महिदपुर में स्वर्गीय बृजेंद्र सिंह रघुवंशी की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उनके सुपुत्र सरपंच संजू रघुवंशी द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, अशोकनगर के तत्वावधान में किया गया। यह शिविर संदीपनी विद्यालय, महिदपुर परिसर में आयोजित हुआ, जिसके लिए जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संदीप जैन एवं उनकी टीम ने विशेष सहयोग दिया।

विदित हो कि संदीपनी विद्यालय की स्थापना के लिए स्वर्गीय बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने ही अपनी निजी भूमि दान की थी, आज उसी परिसर में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्हीं के द्वारा दिए गए शिक्षा के मंदिर में उनके नाम पर यह सेवा कार्य किया गया। शिविर में डॉ. दिनेश महाकाल सहित कुल 38 रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कुल 38 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉ. जयमंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ. राजकुमार शर्मा, सेवानिवृत्त प्राचार्य अरविंद सिंह रघुवंशी,संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य रामगोपाल कोली, सेवानिवृत्त शिक्षक रविन्द्र सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, भाजपा नेता सुनील रघुवंशी (महिदपुर) सहित विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में आयोजक सरपंच संजू रघुवंशी द्वारा सभी रक्तदाताओं, रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जिला चिकित्सालय की टीम का आभार व्यक्त किया गया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 अंतर्गत ग्राम पंचायत कजराई के पंचायत भवन में शिविर का आयोजन हुआ जिसमे राजेश कुमार जैन जिला पंचायत सीईओ अशोकनगर द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित कराया गया। ब्लड डोनेशन कैंप में राजेश कुमार जैन जिला पंचायत सीईओ, इसरार खान एसडीएम अशोकनगर, सोनम शर्मा नायब तहसीलदार,डॉ जयकृत राजपूत बीएमओ राजपाल यादव जनपद सदस्य ने रक्तदान किया और साथ ही मयंक मिश्रा, सचिन नामदेव, सुभम सेन, रूपेंद्र यादव, हरिओम कलावत, जितेंद्र शर्मा, रमेश सिंह रघुवंशी, नारायण सिंह यादव,रामपाल यादव सहायक सचिव एवं अन्य पटवारियों व सरपंच/सचिव द्वारा कुल 26 यूनिट ब्लड रक्तदान किया गया उक्त कार्य में डॉ संदीप जैन पैथोलोजिस्ट व ब्लड बैंक प्रभारी और उनकी टीम का पूर्ण सहयोग रहा।

खबर संक्षेप

जनविश्वास अभियान की रैंकिंग में अशोकनगर को प्रथम रैंक प्राप्त

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत जिले में तीन विकासखंडों मुंगावली, चंदेरी व अशोकनगर में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लोक सेवा गांरटी अधिनियम अंतर्गत प्रदेश में जिले को प्रथम रैंक प्राप्त हुई। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में मुंगावली में 5वीं रैंक, चंदेरी में 4वीं रैंक तथा अशोकनगर को 2वीं रैंक प्राप्त हुई है।

जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की

अशोकनगर। जिले में कई स्थानों पर पुलिस ने जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की है। शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम झीला की मरघट शाला के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अर्जुन साहू, हरिओम रघुवंशी, गौरव पाल, राजेन्द्र उर्फ पटवारी,हरीसिंह रघुवंशी, धर्मेश साहू, भोलू कुशवाह, देवेन्द्र रघुवंशी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 4300 रूपए नगद और ताश की गड्डी बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने पुरानी गल्ला मंडी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए, शमशामद खान, सुलेमान, नियत खान को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 520 रूपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही पुरानी गल्ला मंडी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए राजू, देवीसिंह और सानू खान को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 870 रूपए बरामद किए हैं।

जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत फुटेरा पछार निवासी भरोसा पिता घसीटा उम्र 46 साल को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया था, जिसके बाद उसे परिवार जन अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

चोर बाइक चोरी कर ले गए, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम गरेंठी निवासी अजय पुत्र बिटटूलाल चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर गरेंठी पिपरई से उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 जेडसी 4784 है। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास



अशोकनगर। विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा दिनांक 09/07/2026 को निर्णय पारित करते हुए 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ व छीना झपटी का प्रयास करने वाले आरोपी तिलकसिंह पुत्र वीरसिंह यादव उम्र 28 साल निवासी जसैया थाना बहादुरपुर अशोकनगर को 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 4000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) यशपाल सिंह यादव द्वारा किया गया। अभियोजन के अनुसार 12 वर्षीय फरियादिया ने अपनी मां के साथ थाना आकर रिपोर्ट किया कि वह कक्षा 8वीं में पढ़ती है। घटना दिनांक 14/02/2025 के करीबन दोपहर 3 बजे की बात है यह व उसकी बहन जसैया कोधा के जंगल में अपनी बकरियां चरा रहे थे तभी वहां तिलक यादव आया और उसने गंदी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया। जब उसने मना किया तो आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिये। उसने मुश्किल से खुद को बचाया। छीना झपटी में उसके गर्दन में दाहिने तरफ थोडी चोट व खरोंच आयी। उसकी बहन भाग कर ताऊजी को बुलाकर लाई जो बगल के खेत में पानी दे रहे थे। पकडा तो वह छूटकर भाग गया और धमकी दे रहा था कि अगर उसकी रिपोर्ट करी तो जान से खत्म कर देगा। फरियादिया की रिपोर्ट पर से न्यायालय द्वारा यह सजा सुनाई गई है।

जुड़वा बेटियों में से एक की मौत, दूसरी एसएनसीयू में

लापरवाही: 6 घंटे व्यस्त रही जननी एक्सप्रेस, घर पर हो गया प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विवाह को 9 वर्ष हुए, महिला के पास समग्र आईडी नहीं



बहादुरपुर क्षेत्र के बरखेड़ा भोगी निवासी महिला प्रीति पत्नी मुकेश अहिरवार उम्र 27 वर्ष का प्रसव शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात घर पर ही हो गया। प्रसव के उपरांत महिला एवं जुड़वा बेटियों को जननी एक्सप्रेस द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर लाया गया था, जहां पहुंचते वक्त एक बेटी ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरी की हालत महज 700 ग्राम वजन होने के कारण कमजोर थी। ड्यूटी डॉक्टर राजसिंह राजपूत ने महिला एवं नवजात बेटी को जिला अस्पताल रिफर किया, जहां पर महिला को मदर वार्ड में एवं नवजात को एसएनसीयू में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों ने नवजात की स्थिति अभी खतरे में बताई है।

इस पूरे घटनाक्रम में लापरवाही की कहानी सामने निकलकर आई है। लापरवाही जननी एक्सप्रेस की है। गांव की आषा कार्यकर्ता कमलेश अहिरवार ने बताया कि महिला को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजे प्रसव पीड़ा हुई। इसके बाद महिला के परिजन उनके पास आए तो उन्होंने दो-तीन बार जननी एक्सप्रेस को बुलाने फोन किया किंतु वाहन के व्यस्त होने का हवाला दिया गया। अंततः लगातार प्रसव पीड़ा के बाद सुबह करीब 7 बजे महिला ने दो बेटियों को जन्म दिया। जिनका वजन 700-700 ग्राम था। आशा कार्यकर्ता द्वारा दोबारा जननी एक्सप्रेस को फोन किया गया तो सुबह आठ बजे वाहन पहुंचा और जच्चा-बच्चा को अस्पताल लाया गया। जहां आने तक एक नवजात की सांसें थम चुकी थीं। ड्यूटी नर्स गायत्री देषमुख ने दूसरी नवजात की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर राजसिंह राजपूत से परामर्ष मांगा, जिसके बाद जच्चा-बच्चा को सुबह करीब दस बजे जिला अस्पताल रिफर किया गया।

ड्यूटी नर्स गायत्री देशमुख ने बताया कि महिला का प्रसव गर्भावस्था के सातवें माह में हुआ है। महिला की एक बार भी खून की जांच नहीं हुई थी और न ही सोनोग्राफी। ऐसे में आशा कार्यकर्ता ने बताया कि महिला के विवाह को 9 वर्ष हो गए हैं लेकिन उसकी समग्र आईडी नहीं बनी, आधार कार्ड भी मायके के पते का है। इसी कारण आभा आईडी नहीं बनने के कारण महिला की खून की जांच सिविल अस्पताल मुंगावली में नहीं हो सकी थी और न ही सोनोग्राफी हुई। इस संबंध में ग्राम रोजगार सहायक नीलेष बैस का कहना था कि महिला की समग्र आईडी बनाने के लिए न तो उसके परिजनों ने संपर्क किया और न ही आशा- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने हमें बताया।

इनका कहना है...

अगर चालक के पास कॉल पहुंचता है तो वाहन निश्चित ही पहुंचता है। इस मामले में हम जांच कराएंगे कि ऐसी स्थिति क्यों बनी। बहादुरपुर में दो वाहन हैं। गलती जिसकी भी होगी, उसे दंडित किया जाएगा।

महेन्द्र परिहार, वेंडर, जननी एक्सप्रेस

बढ़ती महंगाई का असर, शक्कर के बाद अब दूध के दाम बढ़ाने की मांग



शाढ़ौरा। बढ़ती महंगाई और पशु आहार की कीमतों में वृद्धि का हवाला देते हुए दूध विक्रेताओं एवं डेयरी संचालकों ने दूध के दाम 10 रुपए प्रति लीटर बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके समर्थन में रविवार, 23 अगस्त को दूध की बिक्री बंद रखने की घोषणा की गई है।

यह निर्णय शनिवार को श्री हनुमान टेकरी प्रांगण में आयोजित अंचल के दूध विक्रेताओं और डेयरी संचालकों की बैठक में लिया गया। बैठक में दूध विक्रेताओं ने कहा कि पशु आहार सहित दूध उत्पादन से जुड़े अन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में वर्तमान दरों पर दूध बेचना मुश्किल हो रहा है। संगठन के अनुसार अब 40 रुपए प्रति लीटर बिकने वाला दूध 50 रुपए, 50 रुपए वाला 60 रुपए और 60 रुपए प्रति लीटर वाला दूध 70 रुपए प्रति लीटर करने का प्रस्ताव रखा गया है। दूध विक्रेताओं ने बनाया संगठन बैठक के दूध विक्रेताओं ने अपना एक संगठन भी बनाया है। इस दौरान दूध विक्रेता संगठन का गठन करते हुए भूपेंद्र रघुवंशी को अध्यक्ष,नीरज पाल को उपाध्यक्ष तथा देवेंद्र यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र रघुवंशी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को परेशान करना नहीं है, लेकिन बढ़ती लागत के कारण दूध उत्पादकों और विक्रेताओं के सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो रही है। इसी कारण दूध की कीमत में 10 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया गया है। संगठन ने रविवार को दूध न दिए जाने का निर्णय लिया है।

महाविद्यालय का 4 सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं देखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी प्रोग्राम मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का इस सप्ताह का औचक निरीक्षण क्रांतिवीर तांत्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना की टीम द्वारा किया गया।

चार सदस्यी टीम में डॉ के एन बुनकर, सहायक कुल सचिव प्रशासन, डॉ नवीन पटवा, डी सी डी सी; डॉ विकास पित्रे सहायक कुल सचिव अकादमी एवंयशवंत प्रजापति, प्रतिनिधि कुलगुरु शामिल रहे। निरीक्षण दल द्वारा महाविद्यालय का भ्रमण कर साफ़ सफाई, कक्षाओं, आदि व्यवस्थाओं को देख कर संतोष प्रकट किया गया। विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी भी टीम द्वारा ली गयी और कार्य प्रणाली पर संतोष प्रकट किया गया। अशोकनगर जिले की उच्च शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाइन निराकरण प्रक्रिया भी संतुष्टिपूर्ण पायी गयी। माह जुलाई में जिले ने ए ग्रेड प्राप्त किया है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रेनू राजेश एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के सुराना द्वारा निरिक्षण दल को महाविद्यालय की सबसे बड़ी समस्या शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ की कमी के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस प्रकार के निरीक्षण लगातार प्रत्येक सप्ताह अलग अलग महाविद्यालयों में किये जा रहे और समस्याओं से वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित किया जा रहा है।

स्कूली बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया, कई गणमान्य नागरिक आयोजन में शामिल हुए, शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शनिवार को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डी.के. जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला जिला थाना प्रभारी ऋतु चैहान एवं दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कांसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गेश पाराशर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्थापक महेशकुमार श्रीवास्तव एवं प्राचार्या कल्पना श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

तत्पश्चात भैया-बहनों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की प्राचार्या कल्पना श्रीवास्तव द्वारा नव-गठित विद्यार्थी परिषद को निष्ठा एवं कर्तव्य पालन की शपथ दिलवाई गई। विद्यालय के मैनेजर तरणि प्रकाश श्रीवास्तव ने परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन का संदेश दिया। विद्यार्थी परिषद का चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद इस प्रकार है-हेड गर्ल-प्रियंका यादव, हेड बॉय-अमन यादव, डिप्टी हेड गर्ल-निधि शर्मा, डिप्टी हेड बॉय-अमन प्रजापति, डिसिप्लिन मिनिस्टर पूर्ति यादव, डिप्टी डिसिप्लिन मिनिस्टर-आयुषी अहिरवार, एजुकेशन मिनिस्टर-पूर्वी यादव, डिप्टी एजुकेशन मिनिस्टर शुभी शर्मा, स्पोर्टस एन्ड ईको मिनिस्टर-चाहिना परिहार, डिप्टी स्पोर्टस एन्ड ईको मिनिस्टर परी भट्ट,कल्चरल मिनिस्टर नंदिनी रघुवंशी, डिप्टी कल्चरल मिनिस्टर मयंक अहिरवार, हाउस कैप्टेन (वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई हाउस) आर्यन नामदेव, डिप्टी हाउस कैप्टेन (वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई हाउस)-अंश शर्मा, हाउस कैप्टेन (कालिदास हाउस) दीप्ति परमार, डिप्टी हाउस कैप्टेन (कालिदास हाउस) जागृति शर्मा, हाउस कैप्टेन (कौटिल्य हाउस) रजमीत ढिल्लों, डिप्टी हाउस कैप्टेन (कालिदास हाउस) आयुषी यादव, हाउस कैप्टेन (रामानुजन हाउस) वैष्णवी रघुवंशी, डिप्टी हाउस कैप्टेन (रामानुजन हाउस) सजल यादव रहीं।

कार्यक्रम का कुशल संचालन बहन शिल्पी यादव एवं निकिता रघुवंशी ने आचार्य शक्ति सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में किया। इसी अवसर पर विद्यालय के दो वरिष्ठ आचार्यों अशोक कुमार ओझा एवं रामकुमार बुधौलिया का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जिन्होंने अपनी 40 वर्ष की गरिमापूर्ण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में आचार्या श्रद्धा शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

17 वर्षीय नाबालिग बालिका को अशोकनगर से किया दस्तयाब, आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव द्वारा नाबालिग बालिका के गुम होने के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय बालिका को अशोकनगर से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 16 अगस्त को फरियादी ने थाना बहादुरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका की शीघ्र दस्तयाबी एवं प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव को निर्देशित किया गया। एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहादुरपुर द्वारा पुलिस टीम गठित कर नाबालिग बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए बालिका को अशोकनगर से दस्तयाब किया। दस्तयाबी उपरांत बालिका के कथन कराए गए, जिसमें उसके द्वारा आरोपी जुझहार सिंह आदिवासी पुत्र सुखलाल आदिवासी, उम्र 21 वर्ष, निवासी दांगी कुम्हरिया, थाना कुरवाई द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने एवं उसके साथ गलत कृत्य किए जाने संबंधी जानकारी दी गई।



अशोकनगर में आयोजित कार्यक्रम का प्रभारी मंत्री शुक्ला ने किया शुभारंभ

अशोकनगर। यह आयोजन व्यापार, रोजगार एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ-साथ नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के विविध विकल्प उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, अशोकनगर पूर्व विधायक जजपाल सिंह, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन सहित पदाधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद ने मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा), अशोकनगर द्वारा भगवान श्री पाश्र्वनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर मोक्ष सप्तमी पर्व श्रद्धा, भक्ति, आस्था एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर परिषद की बहनों ने गंज मंदिर जी में प्रातः काल सामूहिक रूप से एकत्रित होकर विधि-विधान एवं भक्ति भावपूर्वक पूजन-अर्चना एवं भगवान पाश्र्वनाथ की आराधना की। मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। सभी बहनों ने भगवान की वीतराग मुद्रा के समक्ष अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए आत्मकल्याण एवं मोक्षमार्ग पर आगे बढ़ने की भावना भायी। पूजन के पश्चात भगवान पाश्र्वनाथ के चरणों में निर्वाण कांड का श्रद्धापूर्वक वाचन किया गया। इसके साथ ही परिषद की ओर से प्रथम निर्वाण लाडू अर्पित करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पावन क्षण में उपस्थित सभी बहनों ने अत्यंत भक्ति एवं भाव-विभोर होकर भगवान श्री पाश्र्वनाथ जी के मोक्ष कल्याणक की अनुमोदना की।भगवान श्री पाश्र्वनाथ जी का जीवन अहिंसा, करुणा, क्षमा, संयम, त्याग एवं समता का अनुपम संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन में अनेक प्रकार के उपसर्ग एवं परिषहों को अत्यंत समभावपूर्वक सहन किया और आत्मसाधना के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए केवलज्ञान एवं परम मोक्ष पद को प्राप्त किया। उनका जीवन हम सभी के लिए आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण की प्रेरणा का महान स्रोत है।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

'जिले के विकास के लिए सदस्यों के सुझाव होंगे महत्वपूर्ण'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझावों पर जिले के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी। साथ ही जिले के संपूर्ण विकास की अवधारणा को साकार रूप दिया जा सकेगा। इस आशय के विचार जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में व्यक्त किए।

बैठक में जिले के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले के विकास को हर क्षेत्र में आगे बढाने के लिये जनप्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों तथा अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से विकास कार्यो को मूर्त रूप दिया जा सकेगा। सदस्यों द्वारा जो सुझाव चर्चा के दौरान प्राप्त होगें वह मुख्यमंत्री तक जायेगें। जिस पर शासन द्वारा सभी आवश्यक सुझावों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा पावर प्रेजटेंशन के माध्यम से जिला विकास तथा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत 03 विकासखण्डों में लगाये गए शिविरों की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

शासकीय महाविद्यालय ईसागढ का हुआ नामकरण

समिति की बैठक में शासकीय महाविद्यालय ईसागढ का नाम स्व. राजकुमार सिंह यादव के नाम पर किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया । नगर परिषद ईसागढ़ गौशाला होगी आदर्श गौशाला। बैठक में नगर परिषद ईसागढ़ के अध्यक्ष ने बताया कि नगर परिषद ईसागढ में गौशाला से संचालन जनभागीदारी समिति से किया जा रहा है। गौशाला के विधिवत संचालन से सड़कों पर गौवंश का विचरण नही हो रहा है। इस कार्य की सभी सदस्यों द्वारा सराहना की गई तथा प्रभारी मंत्री ने ईसागढ़ गौशाला को आदर्श मानते हुए सभी जगह इस तरह गौशालाओं का संचालन किये जाने की बात कही।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जलजीवन मिशन के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर तक ग्रामीणों को नल से जल उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक कार्य समय सीमा में पूर्ण कराये जाए। मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि वर्ष 2025-26 में दिये गए अनुदान राशि की जांच हेतु जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए जांच कमेठी बनाई जाएं। समिति द्वारा जांच रूपोर्ट प्रस्तुत की जाएं। बैठक में खाद वितरण की स्थिति,डबललॉक केन्द्रों के नवीन प्रस्तावों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए।

विखं शिक्षा अधिकारी ने नारायणपुर हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण एवं अध्यापकों के शैक्षणिक गुणवत्ता की जानकारी ली। विद्यालय में होने वाली प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी ली, आईसीटी लब प्रयोगशाला कक्ष, स्मार्ट क्लास, व्यावसायिक शिक्षा लैब, शौचालय स्थिति, टॉयलेट, छात्र-छात्राओं के पानी पीने हेतु व्यवस्थाओं की जानकारी ली, शिक्षकों से दैनिक डायरी, शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, अवकाश संधारण ,नामांकन, यू डाइस, अपार आईडी की जानकारी ली गई।

इस दौरान प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में एक हैंडपंप लाइट न होने की स्थिति के लिए छात्र-छात्राओं को पानी पीने की व्यवस्था हेतु तथा विद्यालय में साइकिल स्टैंड, अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण, प्रयोगशाला कक्षाओं के निर्माण, विद्यालय की छात्र-छात्राओं को खेल परिसर में बास्केटबॉल ग्राउंड, वॉलीबॉल ग्राउंड, दो कक्षों का फर्श कराई जाने की आवश्यकता की स्थिति से अवगत कराया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिसोदिया द्वारा विद्यालय व्यवस्था की सराहना करते हुए कहां गया कि मैं अपनी रिपोर्ट से जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराऊंगा ताकि विद्यालय व्यवस्थाएं कराई जा सके।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए गायत्री परिवार का संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार, हरिद्वार के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 3 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए गायत्री परिवार के सदस्यों ने नगर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संपर्क कर परीक्षा संबंधी जानकारी और सामग्री वितरित की। अभियान के दौरान शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिंद कन्वेंट, शैफील्ड, प्रज्ञा सागर, विक्रमादित्य एकेडमी सहित करीब 15 विद्यालयों से संपर्क किया गया। गायत्री परिवार के अनुसार परीक्षा में नामांकित विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए पुस्तक उपलब्ध कराई जाएगी तथा प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न स्तरों पर पुरस्कृत भी किया जाएगा। यह परीक्षा पिछले करीब 15 वर्षों से कक्षा पांचवीं से कॉलेज स्तर तक आयोजित की जा रही है। संपर्क अभियान में भूपेंद्र मिश्रा, अमर सिंह बीकावत, मोहन सिंह परमार, ओपी गुप्ता, प्रह्लाद शर्मा, पवन वैष्णव, पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा सहित गायत्री परिवार के सदस्य शामिल रहे।

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को अंतिम सांस तक जेल की सजा



2023 में बोड़ा थाना क्षेत्र के तहत घटित हुई थी अमानवीय घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। करीब चार साल पहले जिले के बोड़ा थानाक्षेत्र में अपनी मासूम बेटी से दुराचार करने वाले उसके पिता को शेष प्राकृत जीवनकाल (अंतिम सांस तक जेल) में रहने की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही आरोपी पिता पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

मां गई थी मायके, इधर पिता ने की अमानवीयता

लोक अभियोजन के अनुसार 4 मार्च 2023 को कक्षा छटवीं में पढ़ने वाली नाबालिग पीड़िता की मां अपने मायके गई हुई थी। घर में नाबालिग और उसका पिता अकेले थे। रात्रि में सोते समय कलयुगी पिता ने मासूम के साथ जबरन दुष्कर्म को अंजाम दिया। डरी-सहमी बालिका किसी को कुछ नहीं बता पाई। आरोपी पिता ने धमकी दी कि किसी को यह बात बताई तो वो उसे कुल्हाड़ी से काट देगा। पीड़िता की मां जब भी अपने मायके या कहीं बाहर जाती तो आरोपी पिता अपनी बेटी के साथ दुराचार को अंजाम देता। दो सालों तक यह अमानवीयता चलती रही और इस दौरान आरोपी ने 4 बार दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने किसी तरह मां को बताई बात

नाबालिग पीड़िता जब त्रस्त हो गई तो उसने हिम्मत करते हुए यह बात अपनी मां को बताई। मां यह सुनकर हतप्रद हो गई। उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि उसके पति ने अपनी बेटी के साथ ऐसा कृत्य किया है। बाद में मां अपनी बेटी को लेकर बोड़ा थाने पहुंची और पूरी आपबीती बताई। बोड़ा पुलिस ने मामले की नजाकत और गंभीरता को देखते हुए त्वरित रूप से आरोपी पर अपराध कायम किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया एवं चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

मेडीकल साक्ष्यों पीड़िता के कथनों के आधार पर फैसला

मामले में विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा पीड़िता के कथन, गवाहों, मेडीकल साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रभावी तरीके से रखा। तमाम सबूतों, साक्ष्यों, गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोष सिद्ध पाया। न्यायालय ने आरोपी को शेष प्राकृत जीवन काल(अंतिम सांस तक जेल) में रहने की सजा से दंडित किया। उपरोक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी संजय कुमार, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ के द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई।

कलेक्टर की कार्रवाई

सुठालिया परियोजना अधिकारी सस्पेंड करने के तल्ख निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत सुठालिया पहुंचे थे। यहां उन्होंने महिला बाल विकास परियोजना दफ्तर का निरीक्षण किया। परियोजना अधिकारी वीरेंद्र वर्मा से जब जिलाधीश ने पूछा किया आपके क्षेत्र में कितनी आंगनबाडी किराए के भवनों में संचालित है तो वे कोई उत्तर नहीं दे पाए। जब किराये के भवनों में संचालित आंगनवाडी भवनों के केन्द्र का किराया भुगतान न किये जाने का कारण पूछने पर परियोजना अधिकारी वर्मा द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया।

वर्मा की लापरवाही यहीं तक सीमित नहीं थी। उनसे पूछे जाने पर समक्ष में अनुबंध संबंधी रिकॉर्ड का अवलोकन नहीं कराया गया। इसके अतिरिक्त परियोजना अंतर्गत आने वाले शहरी वार्ड क्रमांक-2 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शासन निर्देशानुसार आंगनवाडी केन्द्रों पर सुठालिया शहरी आंगनवाडी केन्द्र-2 पर आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा निरीक्षण दिनांक तक शासन निर्देशानुसार टीएचआर के पैकेट वितरण नहीं किये गये।

डीपीओ को सस्पेंशन प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

उक्त लापरवाहियों को गंभीर मानते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गहरी नाराजगी व्यक्ति करते हुए परियोजना अधिकारी श्री वीरेंद्र वर्मा के सस्पेंशन का प्रस्ताव तैयार करने विभाग की डीपीओ अंशुबाल मसीह को प्रदान किए।

सोसाइटी प्रबंधक ने पंचनामा बनाकर गेहूं फेंकने की बात कही

बारिश में भीगा सरकारी गेहूं नाले में फेंका, सुल्तानिया का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र के ग्राम सुल्तानिया में सरकारी गेहूं के खराब होने और उसे नाले में फेंके जाने का मामला सामने आया है। गेहूं को नाले में फेंके जाने का वीडियो इन दिनों कई सोशल मीडिया ग्रुपों में वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सरकारी खाद्यान्न के रख रखाव और जिम्मेदारी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि यह गेहूं गरीबों एवं जरूरतमंदों को वितरण के लिए रखा गया था। वायरल वीडियो में ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं की बोरियां और गेहूं भरा हुआ दिखाई दे रहा है। कुछ लोग गेहूं को ट्रॉली से निकालते नजर आ रहे हैं। वीडियो के आधार पर दावा किया जा रहा है कि बारिश में भीगकर खराब हुए गेहूं को नाले में फेंका गया।



सोसायटी परिसर में करीब तीन फीट तक पानी भर गया था। पानी भरने के कारण सोसायटी में रखा लगभग 10 क्विंटल गेहूं भीगकर खराब हो गया। प्रबंधक के अनुसार यह गेहूं स्व-सहायता समूह को वितरण किया जाना था। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल सरकारी खाद्यान्न के रखरखाव को लेकर उठ रहा है। यदि सोसायटी परिसर में बारिश का पानी भरने की आशंका थी तो खाद्यान्न को पहले से सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं रखा गया? बारिश के मौसम में गेहूं को नमी और पानी से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई? करीब 10 क्विंटल गेहूं खराब होने से सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ है, ऐसे में इसकी जिम्मेदारी किसकी है, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी गेहूं जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए होता है। ऐसे में उसके खराब होने और नाले में फेंके जाने की घटना की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

इनका कहना है

गेहूं खराब होने की जानकारी सरपंच को दी गई थी। इसके बाद पंचनामा तैयार कराकर खराब गेहूं को फेंक दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भी दे दी गई थी।

-भागीरथ नागर
प्रबंधक सुल्तानिया सोसाइटी।

10 क्विंटल गेहूं हुआ पानी में खराब, जिम्मेदारी पर उठे सवाल

मामले में सुल्तानिया सोसायटी के प्रबंधक भागीरथ नागर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि विगत सप्ताह हुई बारिश के दौरान

बायपास-सैदाबाग जोड़ पर आयशर और दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत, एक की मौत-तीन गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नेशनल हाईवे के सारंगपुर बायपास स्थित सैदाबाग जोड़ पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां आयशर वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई, जबकि तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सारंगपुर से सैदाबाग जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क बायपास को क्रॉस करते हुए आगे जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर सड़क का आवागमन बायपास मुख्य मार्ग से काफी दूर होने तथा यातायात व्यवस्था स्पष्ट नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी यहां कई हादसे हो चुके हैं या दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। शनिवार को इसी स्थान पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों को आयशर वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में विजेंद्र सिंह पिता उमराव सिंह, अर्जुन पिता भगवानदास, मांगीलाल पिता राधेलाल निवासी सैदाबाग तथा देवनारायण पिता चैनसिंह निवासी ब्यावरामंडु घायल हुए। सभी घायलों को उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें शाजापुर रेफर किया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल वीरेंद्र सिंह पिता उमराव सिंह की इंदौर ले जाते समय मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बायपास और सैदाबाग मार्ग के इस जोड़ पर लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि दुर्घटना संभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर संकेतक, स्पीड ब्रेकर, पर्याप्त रोशनी और अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। अब सवाल यह है कि आखिर संबंधित विभाग इस दुर्घटना संभावित स्थान की कब सुध लेगा? क्या किसी और हादसे के बाद ही यहां सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे?



गोस्वामी समाज के लिए श्मशान भूमि और नाले पर पुलिया की मांग उठी

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में 17 शिकायतों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

जिला कलेक्टर राजगढ़ के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर' का आयोजन ग्राम पंचायत बरमनखेड़ी में किया गया। 'अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ज्योति राजोरे की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में कुल 17 सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर शिकायतें बंद करवाई गईं। साथ ही लोक सेवा गारंटी के आवेदनों का भी निराकरण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत 'रणजीत सिंह रघुवंशी' सहित सभी कार्यालय प्रमुखों ने उपस्थित रहकर अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी।

ग्रामीणों ने गांव में व्याप्त प्रमुख समस्याएं रखीं

इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा शिविर प्रभारी को अवगत कराया गया कि -जल निगम के संबंध में समस्या गोस्वामी समाज ने अलग से श्मशान भूमि आवंटन की मांग की ग्राम के पास नाले पर पुलिया निर्माण की मांग बिजली केवल 01 फेस आने की समस्या तथा गांव से स्कूल तक अतिक्रमण की समस्याओं से आने वाली परेशानी दूर करने की मांग रखी। जहां पर समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिविर प्रभारी द्वारा शाला में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई तथा आंगनबाड़ी केंद्र के संबंध में बच्चों की उपस्थिति का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ज्योति राजोरे ने ग्रामीणों से कहा कि जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण जल्द करवाया जाएगा।

सीएमओ रानवे की माता के निधन पर टेटवाल ने शोक व्यक्त किया



सारंगपुर। शनिवार को मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने नगर के वार्ड क्रमांक 09 स्थित वाल्मीकि मोहल्ले में नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी स्वर्गीय श्रीमती शांति बाई रानवे के देवलोकगमन पर शोक संवेदना व्यक्त की। राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल ने दिवंगत शांति बाई रानवे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, एल्डरमैन सुधीर श्रीमाल, सुशील व्यास, प्रेमचंद गिरजे, सतीश गिरजे, रामबाबू गिरजे, खेमचंद गिरजे, पूर्व पार्षद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

खिलचीपुर क्षेत्र की पंचायतों का निरीक्षण किया

पीएम आवास योजना के संचालक ने जानी जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

भारत सरकार की महती प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) की मैदानी सच्चाई जानने संचालक हृदयेश श्रीवास्तव राजगढ़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत खिलचीपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों शेरपुरा, अभयपुर एवं लक्ष्मणपुरा का शासकीय भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लंबित सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की गई।

इस दौरान पंचायतों में लंबित जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। साथ ही ग्राम पंचायतों में उपस्थित ग्रामीणजनों एवं जनप्रतिनिधियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। संचालक श्री श्रीवास्तव द्वारा पीएम आवास के तहत लंबे समय से अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से वन-टू-वन चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित हितग्राहियों को निर्देशित किया कि लंबित आवासों को एक माह की समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए, ताकि हितग्राहियों को योजना का पूर्ण लाभ मिल सके। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत राजगढ़ के आवास योजना प्रभारी राजेश राय जनपद पंचायत खिलचीपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष जोशी, तहसीलदार सोनू गुप्ता, सहित जनपद पंचायत की विभिन्न योजनाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



18वीं विशाल बाबा बैजनाथ कांवड़ भव्य यात्रा निकाली गई

बम भोले के जयकारों से गूंजा नगर, सैकड़ों कांवड़िए आगर रवाना



जीरापुर। बाबा श्री बैजनाथ समिति के तत्वावधान में शनिवार को नगर में 18वीं विशाल बाबा बैजनाथ कांवड़ यात्रा का भव्य कांवड यात्रा निकाली गई। सुबह से ही नगर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कांवड यात्रा नगर मे स्थिति चैपड़ा बाजार प्राचीन श्री त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रीराम सुंदरकांड समिति, कुशवाहा मोहल्ला के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा रवाना हुई। शिवभक्त केसरिया वस्त्र धारण कर कंधों पर कांवड़ लेकर आगर स्थित बाबा बैजनाथ धाम के लिए पैदल रवाना हुए। यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। यात्रा चैपड़ा बाजार, कुशवाहा मोहल्ला, गुर्जर मोहल्ला, गांधी बस्ती, बस स्टैंड, विवेकानंद चैराहा, इंदर चैराहा होते हुए माचलपुर नाका पहुंची। इस दौरान डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर कांवड़िए नाचते-गाते नजर आए। कांवड़िए करीब 60 किलोमीटर पैदल रविवार दोपहर 12 बजे आगर स्थित बाबा बैजनाथ धाम पहुंचेंगे, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा।

महिला मंडल ने कांवड़ यात्रा निकाल खांड़ी वाले बालाजी मंदिर पर स्थित भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज. जीरापुर। नगर के दांगी मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से महिला मंडल दांगी मोहल्ला के द्वारा भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से शिव चैक, चोपड़ा बाजार, बुधवारिया बाजार, जवाहर चैक, किशनगढ़ मोहल्ला होते हुए केवड़ा कुआं मुख्य रास्ते से खांड़ी वाले बालाजी मंदिर स्थित परिसर में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जहां श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। कावड़ यात्रा में पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी भी शामिल हुए। नगर पटेल अर्जुन सिंह मंडलोई द्वारा उनका स्वागत किया गया। एवं यात्रा के दौरान नगर में जयसवाल परिवार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने कावड़ यात्रियों का जलपान और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं श्रद्धालु भक्त एवं महिलाएं भोलेनाथ के भजनों, जयकारे लगाते हुए नाचते गाते चलो रहीं थीं। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। समापन के बाद मंदिर परिसर में प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।

स्टॉक में भारी अंतर और वितरण न करने पर कार्रवाई

गरीबों के राशन वितरण लापरवाही, 2 पर मुकदमा दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के जीरापुर क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य दुकान भंडावद में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने पर पुलिस ने तत्कालीन विक्रेता जगदीश राठौर एवं तत्कालीन संचालनकर्ता संस्था विपणन सहकारी संस्था जीरापुर के प्रबंधक बीरम सिंह के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देश पर सहायक आपूर्ति अधिकारी खिलचीपुर-जीरापुर श्रीमती हुमा हुजूर द्वारा यह मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जानकारी के अनुसार जीरापुर थाना में दर्ज एफआइ.आर के अनुसार दुकान की जांच में गेहूं, चावल, नमक सहित अन्य खाद्यान्न के स्टॉक में अंतर पाया गया। जांच के दौरान गेहूँ 11495 किलो, चावल 2580 किलो, शक्कर 11 किलो, केरोसिन 15 लीटर कम पाया गया। इसके अलावा आईसीडीएस के खाद्यान्न स्टॉक में भी कमी दर्ज की गई। उपभोक्ताओं को अप्रैल, मई और जून 2026 में नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं किया गया था।

जांच में यह भी आया सामने

जांच में यह भी सामने आया कि मई एवं जून 2026 के एकमुश्त वितरण के दौरान लगभग 15 प्रतिशत उपभोक्ताओं को खाद्यान्न एवं नमक का पीओएस मशीन के माध्यम से आहरण किए जाने के बावजूद वितरण नहीं किया गया। माह अप्रैल के 440 उपभोक्ताओं के राशन से वंचित रहने का उल्लेख है। उक्त तमाम लापरवाहियों का प्रतिवेदन थाने पहुंचने पर मुकदजा दर्ज हुआ है।

